



## आज का मैच

**राजस्थान रॉयल्स v/s दिल्ली कैपिटल्स**

**समय-7.30 बजे, जियो सिनेमा**

**स्थान- जयपुर**

## खास-खबरें

### कप्तान गिल पर धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपए का जुर्माना

**चेन्नई ( एजेंसी )।** गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल पर यहां चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मैच के दौरान टीम की धीमी ओवर गति के लिए बुधवार को 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। आईपीएल के एक बयान में कहा गया, आईपीएल की न्यूनतम ओवर गति से संबंधित आचार संहिता के तहत यह उनकी टीम का सत्र का पहला अपराध था इसलिए गिल पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। गिल की अगुवाई वाली टीम को टूर्नामेंट के मौजूदा सत्र में पहली हार का सामना करना पड़ा जब मंगलवार को यहां गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स ने उसे 63 रन से हरा दिया। पहली बार किसी आईपीएल फ्रेंचाइजी का नेतृत्व कर रहे गिल की अगुआई में टाइटंस ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपना पहला मैच छह रन से जीता था।

### इंग्लैंड महिला टीम ने टी-20 मुकाबले में न्यूजीलैंड को 47 रनों से हराया



**वेलिंगटन ( एजेंसी )।** माया बूशेर की 56 गेंदों में 91 रनों की तूफानी पारी और शार्लेट डीन की 26 रन देकर चार विकेट की शानदार गेंदबाजी के दम पर इंग्लैंड की महिला टीम ने चौथे टी-20 मुकाबले में न्यूजीलैंड को 47 रनों से हरा दिया है।आज यहां बेसिन रिजर्व में 178 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मेजबान न्यूजीलैंड की टीम की शुरुआत बेहद खराब रही। इंग्लैंड की लॉरेन बेल ने सूजी बेट्स चार रन को आउट कर न्यूजीलैंड को पहला झटका दिया। इसके बाद पांचवें ओवर में शार्लेट डीन ने एमेलिया केर 21 रन पर आउट कर पवेलियन का रास्ता दिखा दिया।

# चेन्नई के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले सातवें बल्लेबाज बने गायकवाड़

*__चेन्नई ( एजेंसी )।__ चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ मंगलवार को ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा को पछाड़कर फ्रेंचाइजी के इतिहास में सातवें सबसे यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए। गायकवाड़ ने चेपॉक स्टेडियम में गुजरात टाइटंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मुकाबले के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। मैच में बल्लेबाज ने 36 गेंदों में पांच चौकों और एक छक्के की मदद से 46 रन बनाए। उनके रन 127.78 के स्ट्राइक रेट से आए। गायकवाड़ ने सीएसके के लिए 54 आईपीएल मैचों में 38.70 की औसत और 134.93 की स्ट्राइक रेट से 1,858 रन बनाए हैं। 53 पारियों में उन्होंने एक शतक और 14 अर्द्धशतक लगाए हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 101* है। वहीं सीएसके के लिए 174 मैचों में जडेजा ने 25.97 की औसत और 137.1 के स्ट्राइक रेट से दो अर्द्धशतकों के साथ 1,818 रन बनाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 62* है। सीएसके के लिए सबसे यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज पूर्व बल्लेबाज सुरेश रैना हैं। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने 200 मैचों में खेली गई 195 पारियों में 33.10 की औसत और 138.91 की स्ट्राइक रेट से 5,529 रन बनाए जिसमें दो शतक और 38 अर्द्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 109* है। सीएसके के लिए शीर्ष रन पाने वाले अन्य खिलाड़ियों में पूर्व कप्तान और पांच बार के आईपीएल चैंपियन एमएस धोनी (246 मैचों में 38.72 की औसत और 137.80 की स्ट्राइक रेट व 23 अर्द्धशतक के साथ 4,957 रन) और फाफ डु प्लेसिस (100 मैचों में 34.90 के औसत और 132.07 के स्ट्राइक रेट के साथ 21 अर्द्धशतक सहित 2,932 रन) शामिल हैं।*



### चौकों और छक्कों की बारिश, मैच में पांच सौ से ज्यादा रन बने

# हैदराबाद ने खोला जीत का खाता मुंबई की लगातार दूसरी हार

**हैदराबाद ( एजेंसी )। हाइनरिक क्लासन नाबाद 80 रन, अभिषेक शर्मा 63 रन तथा ट्रैविस हेड 62 रनों की तूफानी अर्धशतकीय पारियों और उसके बाद गेंदाबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद ने बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग ( आईपीएल ) के आठवें मैच मुंबई इंडियंस को 31 रनों से हरा दिया। मुकाबले में दोनों परियों में बल्लेबाजों ने 38 छक्के और 31 चौके लगाये।**

राजीव गांधी अंतरराष्ट्री य स्टेईडियम, उप्प ल में मुम्बई इंडियन के कप्तान हार्दिक पांड्या ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। बल्लबाजी करने उतरी मयंक अग्रवाल और ट्रैविस हेड सलामी जोड़ी ने मुंबई के लिए अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिये 45 रन जोड़े। पांचवें ओवर में हार्दिक पांड्या ने मयंक अग्रवाल को 11 रन पर आउट कर हैदराबाद को पहला झटका दिया। उसके बाद बल्लबाजी करने आये अभिषेक शर्मा ने ट्रैविस हेड के साथ चौके छक्कों की बारिश करते हुए मुंबई के गेंदबाजी आक्रमण को ध्वस्त कर दिया। अभिषेक शर्मा ने 23 गेंदों में तीन चौके और सात छक्कों की मदद से 63 रनों की पारी खेली। ट्रैविस हेड ने 24 गेंदों में नौ चौके और तीन छक्कों की मदद से 62रन ठोक डाले। इन दोनों बल्लबाजों के आउट होने के बाद भी एडन मारक्रम और हाइनरिक क्लासन ने धुआंधार बल्लबाजी नहीं रूकने दिया। हाइनरिक क्लासन ने 34 गेंदों में चार चौके और सात छक्कों की मदद से नाबाद 80 रन बनाये। एडन मारक्रम ने 28 गेंदों में दो चौके और एक छक्के की मदद से नाबाद 42 रनों की पारी खेली। हैदराबाद ने निर्धारित 20 ओवरों में 277 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया है जो कि एक रिकार्ड है। हैदराबाद की ओर से मैच में 18 छक्के और 19 चौके लगे। इस पूरी पारी में केवल जसप्रीत बुमराह ही ऐसे गेंदबाज जिन्होंने प्रति ओवर 10 से कम रन दिये है। ट्रैविस हेड ने एसआरएच के लिए सबसे तेज़ अर्धशतक लगाया, फिर अभिषेक ने



उस रिकॉर्ड तोड़ दिया। मुंबई को इस मैच को जीतने के चमत्कारी प्रदर्शन करना होगा। मुंबई इंडियंस की ओर से हार्दिक पांड्या, गेराल्ड कोएत्जी और पीयूष चावला ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। अभिषेक शर्मा ने ट्रेविस हेड का रिकॉर्ड तोड़ दिया। उन्होंने 16 गेंदों में अपना अर्धशतक लगाया।

### स्कोर बोर्ड

**सनराइज़र्स हैदराबाद:** मयंक कै. डेविड बो. हार्दिक 11, हेड कै. धीर बो. कोएत्जी 62, अभिषेक कै. धीर बो. चावला 63, मारक्रम (नाबाद)42, क्लासन (नाबाद) 80, अतिरिक्त 19,कुल (20 ओवर में) 3 विकेट पर 277 रन । **विकेट पतन:** 1-45 , 2-113, 3-161। **गेंदबाजी:** मफाका 4-0-66-0, हार्दिक 4-0-46-1, बुमराह 4-0-36-0, कोएत्जी 4-0-57-1, चावला 2-0-34-1, मुलानी 2-0-33-0 ।

**मुंबई इंडियंस:** रोहित कै. अभिषेक बो. कमिंस 26, किशन कै. मारक्रम बो. शाहबाज 34, धीर कै. कमिंस बो. उनादकट 30, तिलक कै. मयंक बो. कमिंस 64, हार्दिक कै. क्लासन बो.उनादकट 24, डेविड (नाबाद)42, शेफ़र्ड (नाबाद) 15, अतिरिक्त 11,कुल (20 ओवर में) 5 विकेट पर 246 रन। **विकेट पतन:** 1-56, 2-66 , 3-150, 4-182, 5-224। **गेंदबाजी:** भुवनेश्वर 4-0-53-0, उनादकट 4-0-47-2, शाहबाज 3-0-39-1, कमिंस 4-0-35-2,उमरान 1-0-15-0, मार्कंडेय 4-0-52-0।

# रॉयल्स के खिलाफ सत्र की पहली जीत दर्ज करने उतरेगी दिल्ली

**जयपुर ( एजेंसी )।** दिल्ली कैपिटल्स गुरुवार को यहां राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल सत्र की पहली जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगा तो सभी की नजरें कप्तान ऋषभ पंत पर टिकी होंगी, जबकि टीम को बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। कार दुर्घटना के कारण 453 दिन बाहर रहने के बाद पंत पंजाब किंग्स के खिलाफ मुल्लांपुर में उनके नए घरेलू मैदान पर वापसी करते हुए सिर्फ 13 गेंद (18 रन) टिक पाए थे। पंत ने हालांकि विकेट के पीछे प्रभावित किया और जितेश शर्मा को स्टंप भी किया। अपने पहले मैच की शुरुआती घबराहट से उबरने के बाद पंत जल्द ही लय हासिल करने को बेताब होंगे क्योंकि उन्हें ट्रेंट बोल्ट, रविचंद्रन अश्विन और युजवेंद्र चहल जैसे अनुभवी गेंदबाजों का सामना करना है। मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने पहले मैच में डेविड वार्नर और मिशेल मार्श से पारी का आगाज कराने का विकल्प चुना था जिससे कि यह जोड़ी पर्याप्त रन बनाकर मध्य क्रम में पंत के ऊपर से दबाव कम कर दे। ये दोनों हालांकि अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रहे और दबाव पंत पर आ गया। विकेटकीपर बल्लेबाज अभिषेक पोरेल ने हालांकि नाबाद 32 रन की तेजतर्रार पारी खेली जिससे दिल्ली की टीम एक समय सात विकेट पर 138 रन बनाकर मुश्किल में घिरी होने के बावजूद नौ विकेट पर 174 रन का सम्मानजनक स्कोर खड़ा करने में सफल रही। पोरेल का इस्तेमाल 'इंपेक्ट प्लेयर के रूप में किया गया था जिससे दिल्ली के पास एक गेंदबाज कम हो गया। समस्या उस समय और बढ़ गई जब इशांत शर्मा का टखना मुड़ गया। इस तेज गेंदबाज के कुछ मैचों से बाहर रहने की संभावना है। कुलदीप यादव और अक्षर पटेल की स्पिन जोड़ी से भी टीम को काफी उम्मीद होंगी। पिछले मैच में सवाई मानसिंह स्टेडियम की सूखी पिच पर राजस्थान रॉयल्स की जोस बटलर और यशस्वी जायसवाल की सलामी जोड़ी को लखनऊ सुपर जाइंट्स के गेंदबाजों के खिलाफ परेशानी का सामना करना पड़ा था। संजू सैमसन के नाबाद 82 रन की बदौलत हालांकि रॉयल्स की टीम 20 रन से जीत दर्ज करने में सफल रही। लगातार पांचवीं बार रॉयल्स के सत्र के पहले मैच में अर्द्धशतक जड़कर सैमसन ने आगामी टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में अपना दावा पेश किया है। रेयान पराग भी अच्छी लय में नजर आए हैं। रॉयल्स के शीर्ष चार बल्लेबाज दिल्ली के गेंदबाजी क्रम को ध्वस्त करने का प्रयास करेंगे और ऐसे में कुलदीप तथा अक्षर की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। रॉयल्स के गेंदबाज भी अच्छी लय में दिखे हैं। बोल्ट ने नई गेंद से प्रभावित किया है तो संदीप शर्मा ने डेथ ओवरों में अच्छा प्रदर्शन किया है। टीम ने सुपर जाइंट्स को पिछले मैच में छह विकेट पर 173 रन पर रोक दिया था।



# बाबर एक बार फिर बन सकते हैं पाक के कप्तान

**लाहौर ( एजेंसी )।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) का शाहीन अफरीदी और शान मसूद से भरोसा उठ गया है। जिसके बाद कहा जा रहा है कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड एक बार फिर बाबर आजम को कप्तानी सौंप सकती है। दरअसल, बाबर ने पिछले साल भारत में संपन्न वनडे वर्ल्ड कप के बाद पाक टीम की कप्तानी से इस्तीफा दे दिया था। वहीं बाबर के इस्तीफा देने के बाद मसूद को जहां टेस्ट टीम का कप्तान नियुक्त किया गया तो वहीं शाहीन को टी20 टीम का कप्तान बनाया गया। पीसीबी थिंक टैंक के सूत्रों ने कहा कि बोर्ड इस निष्कर्ष पर पहुंचा है कि कोई व्यावहारिक विकल्प उपलब्ध नहीं होने के कारण बाबर फिर से टीम का नेतृत्व करने के लिए सबसे अछा विकल्प हैं। साथ ही एक सूत्र ने बताया कि, मजेदार बात यह है कि ऐसा प्रतीत होता है कि बोर्ड के अध्यक्ष में बदलाव के साथ ही पदाधिकारियों ने टेस्ट और टी20 प्रारूपों में राष्ट्रीय टीम का नेतृत्व करने की शान मसूद और शाहीन शाह



अफरीदी की क्षमता पर भरोसा खो दिया है। सूत्र ने कहा कि दिलचस्प बात यह है कि बाबर अब कुछ तेवर दिखा रहे हैं। सूत्र ने आगे कहा कि, बाबर से यह पता लगाने की कोशिश की गई कि क्या वह फिर से कार्यभार संभालने के लिए तैयार हैं और उन्होंने कुछ आशंकाएं जताई हैं। जाहिर है कि वह बोर्ड अध्यक्ष से कुछ आश्वासन चाहते हैं। बता दें कि, जका अशरफ जब पीसीबी अध्यक्ष थे तो विश्व कप के तुरंत बाद बाबर को सफेद गेंद के प्रारूप के कप्तान के पद से हटा दिया गया था। इसके बाद उन्होंने टेस्ट टीम के कप्तान का पद भी छोड़ने का विकल्प चुना।

### शाहीन को कप्तानी से हटाने की अटकलों पर नाराज हुए अफरीदी

*वहीं अब इस मामले पर पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी अपने दामाद शाहीन शाह अफरीदी के बचाव में आगे आए हैं। दरअसल, शाहिद अफरीदी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि, हमारे क्रिकेट की सबसे बड़ी समस्या ये है कि जब भी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड में चेहरे बदलते हैं तो हमारा सिस्टम बदल जाता है। जो भी आता है वह सोचता है कि वह जो कर रहा है वह पाकिस्तान क्रिकेट के लिए सबसे अछा है। अफरीदी ने आगे कहा कि, अगर आप कप्तान बदल देते हैं तो या तो उसे नियुक्त करने का फैसला गलत था और या अभी उसे हटाने का फैसला गलत है। पिछले साल भारत में खेले गए वनडे वर्ल्ड कप के बाद शाहीन शाह अफरीदी को टी20 टीम का कप्तान बनाने के पीछे सबसे बड़ा हाथ ससुर शाहिद अफरीदी का था। वनडे वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खराब प्रदर्शन के बाद बाबर आजम को कप्तानी से हटा दिया गया था।*

### हीरो इंडियन ओपन से वापसी कर रहे लाहिड़ी से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** पेरिस ओलंपिक का टिकट पक्का करने की कोशिश में लगे अनुभवी भारतीय गोल्फ खिलाड़ी अनिर्बान लाहिड़ी गुरुवार से यहां शुरू हो रहे हीरो इंडियन ओपन में अपने नौ साल के खिताबी सूखे को खत्म करना चाहेंगे। ओलंपिक में दो बार देश का प्रतिनिधित्व कर चुके लाहिड़ी लंबे समय के बार राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में वापसी करेंगे। एलआईवी गोल्फ से जुड़ने के बाद उनकी रैंकिंग 401 हो गयी है और पेरिस खेलों में जगह बनाने के लिए उन्हें अछे नतीजे की जरूरत होगी। सऊदी अरब समर्थित एलआईवी गोल्फ को आधिकारिक विश्व गोल्फ रैंकिंग (ओडब्ल्यूजीआर) से मान्यता प्राप्त नहीं है। लाहिड़ी ने अपना पिछला खिताब इसी स्पर्धा में नौ साल पहले (2015) जीता था। वह इसके 57वें आयोजन में बेहतर प्रदर्शन करने को लेकर आश्वस्त है। उन्होंने कहा कि मैं यहां जीतना चाहता हूं। मैं यहां फिर से जीतने के लिए आतुर हूं। मैं पिछले 15-16 वर्षों से खेल रहा हूं और यहां जीत दर्ज करने की ललक वैसी ही है जैसी की 10, 15 साल पहले थी। मुझे खुद को यह साबित करना है। इस 36 साल के खिलाड़ी ने कहा कि मैं पेरिस जाना चाहूंगा। इसके लिए मुझे अगले आठ दौर या 12 दौर में अछा खेलना होगा। मैं एशियाई टूर के टूर्नामेंटों में ऐसा करना चाहूंगा।



# बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी सेमीफाइनल में

**मियामी गार्डन्स (एजेंसी)।**

भारत के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के उनके जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन ने यहां मियामी ओपन में नीदरलैंड के सेम वर्बीक और ऑस्ट्रेलिया के जॉन-पैट्रिक स्मिथ को हराकर साल के तीसरे पुरुष युगल सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब जीतने वाले बोपन्ना और एबडेन ने पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करते हुए 3-6 7-6 10-7 से जीत दर्ज की।दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी 44 साल के बोपन्ना को इस जीत से एटीपी युगल रैंकिंग में शीर्ष 10 में रहने और जुलाई-अगस्त में होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई करने में मदद मिलेगी। पेरिस ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई करने की रैंकिंग पर विचार करने की कट ऑफ तारीख 10 जून है।

### *अल्कारेज- मेदवेदेव ओपन के अंतिम आठ में*

गत चैंपियन दानिल मेदवेदेव ने अपने करियर का 350वां मुकाबला जीतते हुए डोमीनिक कोफर को सीधे सेट में हराकर मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में लगातार चौथे साल क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। मेदवेदेव ने कोफर को मंगलवार को हुए मुकाबले में 7-6, 6-0 से हराया। शीर्ष वरीय कार्लोस अल्कारेज ने भी 23वें वरीय लोरेंजो मुसेटी के खिलाफ 6-3, 6-3 की आसान जीत के साथ अंतिम आठ में प्रवेश किया। क्वार्टर फाइनल में अल्कारेज की भिड़ंत 11वें वरीय ग्रिगोर दिमित्रोव से होगी। आठवें वरीय दिमित्रोव ने ह्युबर्ट हुरकाज को 3-6, 6-3, 7-6 से हराया। मेदवेदेव अंतिम आठ के मकाबले में 22वें वरीय निकोलस जैरी के खिलाफ उतरेंगे जिन्होंने 22वें वरीय कास्पर रूड को सीधे सेट में 7-6, 6-3 से हराया। ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन और दूसरे वरीय यानिक सिनेर ने क्रिस्टोफर ओकोनेल को 6-4, 6-3 से हराकर इस साल 20 मैच में 19वीं जीत दर्ज की। महिला वर्ग में चौथी वरीय एलेना रिबाकिन ने आठवीं वरीय मारिया सकारी को कड़े मुकाबले में दो घंटे 48 मिनट में 7-5, 6-7, 6-4 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दो बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन विक्टोरिया अजारेंका ने यूलिया पुतिंतसेवा को 7-6, 1-6, 6-3 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई।





### एएफसी क्वालीफायर में अफगानिस्तान ने भारत को 2-1 से हराया

*__गुवाहाटी( एजेंसी )।__ निचली रैंकिंग की अफगानिस्तान ने मंगलवार रात 2026 फीफा विश्वकप क्वालीफायर में भारत को 2-1 से शिकस्त दी जिससे घरेलू टीम को हाल के वर्षों में अपनी सबसे शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा। भारत के करिश्माई स्ट्राइकर सुनील छेत्री के अपने 150वें मैच में 94वां अंतरराष्ट्रीय गोल दागा लेकिन इसके बावजूद घरेलू टीम हार गयी। उन्होंने 37वें मिनट में पेनल्टी पर गोल दागा। विश्व कप और 2027 एएफसी एशियाई कप के संयुक्त क्वालीफायर के दूसरे चरण में भारत के घरेलू मैच में अफगानिस्तान ने 71वें मिनट में रहमत अकबरी के गोल से बराबरी हासिल कर ली। फिर घरेलू टीम को झटका लगा जब गुरप्रीत सिंह को पीला कार्ड दिखाया गया।*

# जोकोविच ने कोच इवानिसेविच से तोड़ा नाता



**लंदन ( एजेंसी )।** शीर्ष रैंकिंग के टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने 2018 से उनके कोच रहे गोरान इवानिसेविच से अलग होने का फैसला किया है। इवानिसेविच के साथ रहते हुए सर्बिया के खिलाड़ी जोकोविच ने 12 ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं। जोकोविच रिकॉर्ड 24 खिताब के साथ पुरुष वर्ग में सबसे यादा ग्रैंड स्लैम जीतने वाले खिलाड़ी हैं। जोकोविच ने बुधवार को 'इंस्टाग्राम पर लिखा कि उन्होंने 'कुछ दिन पहले से इवानिसेविच के साथ काम करना छोड़ दिया था। जोकोविच ने लिखा, 'कोर्ट पर हमारे रिश्तों में कई उतार-चढ़ाव रहे लेकिन हमारी दोस्ती हमेशा काफी मजबूत रही। जोकोविच ने साल 2024 में अब तक कोई खिताब नहीं जीता है। वह ऑस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में हार गए थे।